कार्यालय अग्निशमन अधिकारी मुजफ्फरनगर।

पत्रांकः– एफ0एस0 / अ0सु0(प्रशि0) / 2016 दिनॉकः 27.01.2016

सेवा में,

डायरेक्टर / प्रबन्धक,
न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल,जट मुझेडा,
भोपा रोड,जनपद मुजफ्फरनगर।

विषयः– उपरोक्त संस्थान में अग्निशमन उपकरणो की व्यवस्था तथा अग्निशमन प्रशिक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– आपके पत्रांक निल दिनांक 22.01.2016 के अनुपालन में।

आपके स्कूल / कालेज का निरीक्षण किया गया तो अग्निसुरक्षा व्यवस्था राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता 2005 के भाग 4 टेबिल 23 में उल्लेखित शैक्षिक भवनो के प्राविधानो के अनुरूप पाई गयी। विद्यालय में प्राथमिक अग्निशमन उपकरण कार्यशील दशा में संतोषजनक पाये गये। जिनका रिफलिंग व टैस्टिंग शुल्क राजकीय कोष में जमा करा दिया गया है। विद्यालय के स्टाफ / विद्यार्थियो को अग्निशमन उपकरणो को चलाने की जानकारी / प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रबन्धक / प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाओं को सदैव कार्यशील दशा में तथा चिन्हित स्थानो पर बनाये रखना नितान्त आवश्यक होगा। अग्निशमन उपकरणों की टैस्टिंग / रिफलिंग कराकर उनका निर्धारित शुल्क 110 / –रूपये भारतीय स्टेट बैंक शाखा रेलवे रोड मुजफ्फरनगर में अनिवार्य रूप से जमा करायेंगे तथा चालान की एक प्रति इस कार्यालय मे रिकार्ड हेतु जमा कराकर, प्रत्येक वर्ष फायर उपकरणों की क्रियाशीलता का पत्र अग्निशमन विभाग से प्राप्त करना अनिवार्य होगा, तभी स्कूल / परिसर को सुरक्षित माना जायेगा।

अतः उपरोक्त प्रतिबन्धों के अनुपालन के आधार पर उपरोक्त संस्थान के कार्य संचालन हेतु अग्निशमन सुरक्षा सम्बन्धी पत्र संस्तुति सहित निर्गत तिथि से एक वर्ष तक के लिए दिया जाता है। उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन न किये जाने की दशा में यह नि0 आ0 स्वतः निरस्त समझी जायेगी एवं उसका पूर्ण उत्तरदायित्व स्वामी / प्रबन्धक का होगा।

अग्निशमन अधिकारी
मुजफ्फरनगर।

Principal
NEW WELKIN PUBLIC SCHOOL
Bhopa Road Jat Mujheda
(Muzaffarnagar)

MANAGER
NEW WELKIN PULBIC SCHOOL
Bhopa Road, Jat Mujheda (MZN.)

PRINCIPAL
NEW WELKIN PULBIC SCHOOL
Bhopa Road, Jat Mujheda (MZN.)